Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to ensure timely completion of digitization of land records and to conduct of survey of damaged crops through drone facility under Fasal Bima Yojana.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं । राजस्व रिकॉर्ड एवं कटे-फटे नक्शों के सुधार की समस्या देश के मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में गम्भीर है । किसानों के सभी तरह के भुगतान बैंक खातों से होते हैं, किंतु कहीं नक्शा नहीं, कहीं सीमांकन का विवाद, कहीं रिकॉर्ड में सुधार के मामले लंबित पड़े हैं । नक्शे बनाने का काम राजस्व बोर्डों में वर्षों से लंबित है और अभी तक पूरे नहीं हुए हैं । हालांकि यह विषय राज्यों का है, किन्तु केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के बिना यह पूरा नहीं हो पाएगा । इस बजट में भू-अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए प्रावधान किया गया है । मैं मध्य प्रदेश के सतना जिले के साथ-साथ सभी जिलों का समय-सीमा में डिजिटलाइजेशन करने एवं नए राजस्व नक्शे बनाए जाने की मांग करता हूं । इस बजट में किसानों के लिए ड्रोन सुविधा का भी ऐलान किया गया है । मैं कृषि मंत्री जी से मांग करता हूं कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को अब उनकी नुकसानी फसलों के सर्वे का कार्य ड्रोन सुविधा के साथ कराया जाए तथा मध्य प्रदेश के सतना जिले को पहले चरण में शामिल करने की मांग करता हूं ।